आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 179 | उज्जैन, गुरुवार 22 मई 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# जल्द पूर्ण किये जाएं सिंहस्थ 2028 से संबंधित अधोसंरचना के सभी कार्य-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## सिंहस्थ से संबंधित विभागों में तकनीकी अधिकारी-कर्मचारियों की कमी को दूर किया जाए



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ 2028 से संबंधित सभी अधोसंरचना के कार्यों को जल्द पूर्ण करना आवश्यक है। प्रत्येक कार्य की समय सीमा निर्धारित कर, गतिविधियां संचालित की जाएं। कार्यालीन प्रक्रियाओं को वर्षाकाल तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें, जिसमें वर्षाकाल के तुरंत बाद निर्माण प्रक्रिया तत्काल आरंभ की जा सकें। नगर निगम उज्जैन, विकास प्राधिकरण सहित अन्य निर्माण ऐजेंसियों में यदि तकनीकी अधिकारी-कर्मचारियों की कमी है तो अन्य विभागों से प्रतिनियुक्ति पर लेकर यह कमी दूर की जाए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं का रेल से बड़ी संख्या में आवागमन होगा और महाकालेश्वर सहित ओंकारेश्वर तथा मंदसौर स्थित पशुपतिनाथ मंदिर भी श्रद्धालुओं के आवागमन के मुख्य केंद्र रहेंगे। अतः सड़क मार्गों के साथ-साथ रेलवे से बेहतर समन्वय सुनिश्चित करना आवश्यक है। इससे क्षेत्र में रेल यातायात को सुगम तथा श्रद्धालुओं की यात्रा को सुविधाजनक बनाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सिंहस्थ 2028 की मंत्रि- मण्डलीय समिति की तीसरी बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई इस बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, श्री राजेंद्र शुक्ल, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, खाद्य नागरिका आपूर्ति मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंहस्थ 2028 में स्नान व पेयजल, सीवरेज, आवागमन, श्रद्धालुओं के आवास, कानून व्यवस्था, आवश्यक चिकित्सा सुविधा आदि के लिए की जारी व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए जल संसाधन विभाग, लोक निर्माण, पर्यटन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों और उनकी प्रगति की जानकारी प्राप्त की। बैठक में कान्ह नदी डायवर्जन, 30 किमी घाट निर्माण, क्षिप्रा नदी में निरंतर जल प्रवाह के लिए सिलार खेड़ी सेवर खेड़ी बांध, क्षिप्रा व कान्ह नदी पर बैराजों के निर्माण की स्थिति की जानकारी प्रस्तुत की गई।

## सिक्किम दौरे पर आएंगे प्रधानमंत्री मोदी, स्वर्ण जयंती समारोह में होंगे शामिल



नई दिल्ली (एजेंसी)। नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 मई को सिक्किम आ रहे हैं। वह सिक्किम के स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। सिक्किम को राज्य का दर्जा 50 साल पहले मिला था।

सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तामांग ने मंगलवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की और उन्हें समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। मुख्यमंत्री के आमंत्रण को प्रधानमंत्री ने स्वीकार कर लिया है।

ऑपरेशन सिंदूर की भी होगी बात- उन्होंने 29 मई को सिक्किम आने और इस ऐतिहासिक अवसर को राज्यवासियों के साथ साझा करने की सहमति दी है। मुख्यमंत्री ने अपने इंटरनेट मीडिया पोस्ट में उल्लेख किया कि उन्होंने हाल ही में आतंकवाद के खिलाफ देश की ऐतिहासिक उपलब्धि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए प्रधानमंत्री को बधाई दी।

ऑपरेशन की सफलता ने न केवल राष्ट्रीय गौरव को बढ़ाया है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भारत की शक्ति और दृढ़ संकल्प को भी प्रदर्शित किया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने सिक्किम राज्य और वहां के लोगों के प्रति अपने निरंतर समर्थन और मार्गदर्शन को दोहराया।

## डेरी क्षेत्र के लिए तीन बहुराज्यीय सहकारी समितियां बनाएगी सरकार, अमित शाह ने किया एलान



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि डेरी क्षेत्र के लिए तीन नई बहुराज्यीय सहकारी समितियों की स्थापना की जाएगी। इसका उद्देश्य पशु चारा, गोबर प्रबंधन और मृत पशुओं के अवशेषों के उपयोग पर ध्यान केंद्रित करना है। उन्होंने कहा कि श्वेत क्रांति 2.0 के तहत डेरी क्षेत्र का सतत विकास किया जाएगा। अमित शाह ने सहकारी डेरी क्षेत्र में स्थिरता पर एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जब हम श्वेत क्रांति 2.0 की ओर बढ़ रहे हैं तो हमारा लक्ष्य केवल डेरी सहकारिता का विस्तार करना और उन्हें दक्ष एवं प्रभावी बनाना ही नहीं होना चाहिए बल्कि डेरी के एक ऐसे पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना चाहिए, जो सतत हो और चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देता हो।

उन्होंने कहा कि अगर किसानों की आय में बढ़ोतरी करनी है तो हमें एकीकृत सहकारिता के नेटवर्क का सृजन करना होगा, जहां ज्यादातर कार्य पारस्परिक सहयोग और सहकारिताओं के बीच में ही हों।

## 27 नक्सलियों का खात्मा, डेढ़ करोड़ का इनामी माओवादी भी ढेर; अमित शाह को टैग कर पीएम मोदी ने लिखी ये बात



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में नक्सलवाद का सफाया करने के लिए सुरक्षा बल लगातार ऑपरेशन चला रहे हैं। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों ने 27 माओवादियों को मार गिराया है। गृह मंत्री अमित शाह ने इसके लिए सुरक्षा बलों की तारीफ की है।

अमित शाह ने कहा कि सरकार 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने बताया कि नक्सल आंदोलन की रीढ़ नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू को भी सुरक्षा बलों ने मार गिराया है।

अमित शाह ने दी जानकारी- शाह ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा, नक्सलवाद को जड़ से मिटाने की लड़ाई में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई है। आज छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में एक ऑपरेशन में हमारे सुरक्षा बलों ने 27 खूंखार माओवादियों को मार गिराया है।

शाह ने लिखा, इन नक्सलियों में सीपीआई-माओवादी के महासचिव, शीर्ष नेता और नक्सल आंदोलन की रीढ़ नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू भी शामिल हैं। नक्सलवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के तीन दशकों में यह पहली बार है कि हमारे बलों द्वारा एक महासचिव स्तर के नेता को मार गिराया गया है।

पीएम मोदी ने भी जताई खुशी- अमित शाह ने कहा कि मैं इस बड़ी सफलता के लिए हमारे बहादुर सुरक्षा बलों और एजेंसियों की सराहना करता हूँ। यह बताते हुए भी खुशी हो रही है कि ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट के पूरा होने के बाद, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र में 54 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है और 84 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।

## फ्लिपकार्ट के एकाधिकार पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता, अब होगी जांच



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि दिग्गज ई-कामर्स कंपनी फ्लिपकार्ट को एकाधिकार के लिए जाना जाता है। कोर्ट ने बाजार में स्थित छोटी कंपनियों के भविष्य को लेकर चिंता जताई है।

जस्टिस सूर्यकांत और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के आदेश से उत्पन्न विवाद के निपटारे में सहायता के लिए एक एमिकस क्यूरी नियुक्त किया।

बता दें कि एनसीएलएटी ने भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआइ) से फ्लिपकार्ट के खिलाफ उसके एकाधिकार के कथित दुरुपयोग के लिए जांच शुरू करने को कहा था।

पीठ ने इस बात पर हैरानी जताई कि शिकायतकर्ता ऑल इंडिया ऑनलाइन वेंडर्स एसोसिएशन (एआइओवीए) की ओर से कोई नहीं दिखाई दिया। इसने ही फ्लिपकार्ट पर अनुचित व्यापार व्यवहार का आरोप लगाया था।

उधर, एआइओवीए की ओर से पेश हुए वकील उदयादित्य बनर्जी ने कहा कि यह संभव है कि संगठन को भंग कर दिया गया हो या अब उसका अस्तित्व ही न रहा हो।

पीठ ने फ्लिपकार्ट के वकील से कहा कि वह एकाधिकार के मुद्दे की जांच करना चाहेगी। पीठ ने कहा, हम चाहते हैं कि बड़ी कंपनियां यहां आएं और निवेश करें, लेकिन हमें उपभोक्ताओं और छोटी कंपनियों के हितों को भी ध्यान में रखना होगा।

## केंद्र ने मणिपुर हिंसा की जांच कर रहे आयोग का कार्यकाल फिर बढ़ाया



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र ने मणिपुर में मई 2023 में शुरू हुई हिंसा की जांच पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए जांच आयोग के कार्यकाल को 20 नवंबर 2025 तक फिर बढ़ा दिया है। मणिपुर हिंसा में कम से कम 260 लोगों की मौत हुई है।

गुवाहाटी हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश अजय लांबा की अध्यक्षता में जांच आयोग का गठन चार जून, 2023 को किया गया था। आयोग में सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी हिमांशु शेखर दास और सेवानिवृत्त आइपीएस अधिकारी आलोक प्रभाकर भी शामिल हैं।

# 103 नए अमृत स्टेशन, 26 हजार करोड़ की सौगात, मोदी सरकार देश को देगी मेगा गिफ्ट



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 मई को राजस्थान के बीकानेर में देश को एक और बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। पीएम 100 से ज्यादा आधुनिक अमृत स्टेशन, कई रेल लाइनों का विद्युतीकरण और नई एक्सप्रेस ट्रेन की शुरुआत करेंगे। पीएम मोदी बीकानेर जिले के पलाना में एक भव्य जनसभा को संबोधित करेंगे और 26 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई अहम परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पण करेंगे। पीएम मोदी का यह दौरा रेलवे के अलावा सड़क, ऊर्जा, जल और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे अहम क्षेत्रों में बड़े बदलाव लाने वाला है।

पीआईबी के मुताबिक, सुबह करीब 10:30 बजे प्रधानमंत्री करणी माता मंदिर, देशनोक में दर्शन करेंगे। इसके बाद 11 बजे वे अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नवनिर्मित देशनोक रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करेंगे और बीकानेर से मुंबई के लिए एक नई एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे।

86 जिलों में 103 अमृत स्टेशनों का उद्घाटन - रेलवे क्षेत्र में पीएम मोदी पूरे देश के 86 जिलों में फैले 103 अमृत स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे, जो 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्थित हैं। इन स्टेशनों को 1100 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत से तैयार किया गया है। हर स्टेशन की वास्तुकला स्थानीय संस्कृति से प्रेरित है, जैसे कि बिहार के थावे स्टेशन में मां थावेवाली और मधुबनी कला की झलक है, जबकि गुजरात के डाकोर स्टेशन में रांचोडजी मंदिर का असर साफ दिखता है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री चुरू-सादुलपुर रेल लाइन की आधारशिला रखेंगे और छह अन्य रेल लाइनों के विद्युतीकरण को राष्ट्र को समर्पित करेंगे, जिससे रेलवे को प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम होगा।

सड़क क्षेत्र में भी बड़ी सौगात दी जाएगी। पीएम मोदी तीन वाहन अंडरपास, कई राष्ट्रीय राजमार्गों का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण तथा सात महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। ये सड़कें भारत-पाक सीमा तक पहुंच बढ़ाएंगी और सुरक्षाबलों को मजबूती देंगी। ऊर्जा के क्षेत्र में बीकानेर और नावां में सौर ऊर्जा परियोजनाओं की नींव रखी जाएगी। इसके साथ ही ट्रांसमिशन नेटवर्क को मज़बूती देने वाले कई प्रोजेक्ट्स का भी उद्घाटन और शिलान्यास किया जाएगा, जो स्वच्छ ऊर्जा के लक्ष्य की तरफ बढ़ने में मदद करेंगे।

# अंतिम सांसें गिन रहा आतंकी हाफिज सईद का राइट हैंड आमिर हमजा, हमले में गंभीर रूप से घायल हुआ भारत का दुश्मन



नई दिल्ली (एजेंसी)। अभी कुछ दिनों पहले लश्कर का आतंकवादी और प्रमुख भर्तीकर्ता अबू सैफुल्लाह की पाकिस्तान में अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। अब लश्कर के लिए एक और बुरी खबर सामने आई है जिसके मुताबिक, लश्कर-ए-तैयबा का सह संस्थापक आमिर हमजा को अचानक अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है।

हमजा क्यों हुआ अस्पताल में भर्ती- हमजा को अस्पताल में क्यों भर्ती कराया गया है, यह फिलहाल रहस्य है। हालांकि, जानकारी के मुताबिक हमजा अपने घर पर गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसके बाद उसे ढ्ढस्ढ्ढ की सुरक्षा में लाहौर के एक सैन्य अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है।

लश्कर के टेलिग्राम चैनल पर जैसे ही हमजा के घायल होने और अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी आई, सभी आतंकियों में घबराहत पैदा हो गई। आतंकियों को फिलहाल यह बताया गया है कि हमजा एक दुर्घटना में घायल हुआ है।

अमेरिका ने हमजा को किया था आतंकवादी घोषित- बता दें, पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के गुजरांवाला शहर से ताल्लुक रखने वाले हमजा को अमेरिका ने 2012 में वैश्विक आतंकवादी घोषित किया था। उसे अफगान मुजाहिदीन के रूप में संदर्भित किया जाता है और हमजा हाफिज सईद और अब्दुल रहमान का करीबी भी माना जाता है।

फिलहाल, हमजा लश्कर का प्रचार-प्रसार संभाल रहा है, लेकिन इससे पहले वो एक सक्रिय आतंकवादी था जो 2000 के दशक की शुरुआत में काफी ज्यादा एक्टिव था। 2005 में बेंगलुरु में भारतीय विज्ञान संस्थान पर हुए हमले के पीछे हमजा ही था।

हमजा अभी भी आतंकवाद में है सक्रिय

2018 में सईद ने लश्कर और जमात-उद-दावा पर प्रतिबंध के मद्देनजर जैश-ए-मनकाफा नाम से एक और संगठन बनाया था। इसके बाद ऐसा माना जा रहा था कि लश्कर के शीर्ष अधिकारियों में दरार आ गई है, जो सिर्फ एक दिखावा निकला।

# ग्वांतानामो बे नौसैनिक अड्डे पर प्रवासियों को रखना ट्रंप को पड़ रहा भारी, रोजाना 1 लाख डॉलर हो रहा खर्च




नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका में इस वक्त डोनाल्ड ट्रंप का शासन है। डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति बनने के बाद से एक के बाद एक ताबड़तोड़ फैसले ले रहे हैं। इस बीच अमेरिका के ग्वांतानामो बे से एक हैरान करने वाली खबर सामने आई है। बताया जा रहा है ट्रंप की हिरासत में नौसैनिक अड्डे पर रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर कई करोड़ों का खर्च आता है।

सीनेटर गैरी पीटर्स ने एक सुनवाई के दौरान बताया कि नौसैनिक अड्डे पर रहने वाले प्रवासी पर कई करोड़ों का खर्च आता है। ऐसे में कहा जा रहा है कि नौसैनिक अड्डे पर प्रवासियों को रखना ट्रंप को भारी पड़ गया है।

कितने प्रवासी हिरासत में- पीटर्स ने कहा- हम ग्वांतानामो में किसी को रखने के लिए प्रति दिन 100,000 खर्च कर रहे हैं। हम उन्हें कुछ समय के लिए वहां रखते हैं, फिर हम उन्हें वापस संयुक्त राज्य अमेरिका ले जाते हैं, हम उन्हें प्रति दिन 165 डॉलर पर यहां रख सकते हैं। मुझे लगता है कि यह बहुत अपमान की बात है। अमेरिकी अधिकारी के कहे मुताबिक, लगभग 70 प्रवासी वहां हिरासत में हैं।

23 घंटे तक कमरों में रखा जाता - अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन ने मार्च में 10 प्रवासियों को बेस में ट्रांसफर होने से रोकने के लिए मुकदमा दायर किया था। मुकदमे में, ACLU ने आरोप लगाया कि ग्वांतानामो में प्रवासियों को प्रतिदिन कम से कम 23 घंटे तक खिड़की रहित कमरों में रखा जाता था, उन्हें कपड़े उतारकर तलाशी ली जाती थी और वे अपने परिवार के सदस्यों से संपर्क नहीं कर पाते थे।

## अगले 48 घंटों में गाजा में 14000 बच्चे मर सकते हैं, संयुक्त राष्ट्र ने दी चेतावनी



नई दिल्ली (एजेंसी)। भूख और प्यास से आकुल गाजा पर मंगलवार को भी इजरायली हमले जारी रहे। इस बीच संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है जिसमें कहा गया है कि अगर युद्धग्रस्त क्षेत्र में और जल्द से जल्द खाद्य सहायता नहीं पहुंची तो 48 घंटों के भीतर गाजा में 14,000 बच्चे मर सकते हैं।

प्रतिदिन की करीब 500 ट्रक सामग्री की जरूरत- हालांकि सहयोगी देशों के दबाव में सोमवार को इजरायल ने दो मार्च से जारी रोक खत्म कर गाजा में खाद्य सामग्री, पेयजल और दवाइयों के नौ ट्रकों को जाने दिया जबकि वहां की प्रतिदिन की जरूरत करीब 500 ट्रक सामग्री की है। ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा ने गाजा की स्थिति पर गहरा असंतोष व्यक्त किया है और इजरायल से गाजा में अविलंब पर्याप्त मानवीय सहायता भेजने के लिए कहा है।

सोमवार को केवल पांच ट्रक मानवीय सहायता लेकर गाजा पहुंचे- संयुक्त राष्ट्र के मानवीय प्रमुख टॉम फ्लेचर ने कहा कि सोमवार को केवल पांच ट्रक मानवीय सहायता लेकर गाजा पहुंचे, जिसमें बच्चों के लिए भोजन भी शामिल था, इजरायल द्वारा कई सप्ताह तक की गई पूरी नाकाबंदी के बाद यह मानवीय सहायता बेहद कम है।

## अमेरिका में अब ऑनलाइन अश्लील तस्वीरों को साझा करना होगा अवैध, ट्रंप ने टेक इट डाउन एक्ट पर किए हस्ताक्षर



नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑनलाइन अश्लील सामग्रियों पर अंकुश लगाने एवं बच्चों पर इसके प्रतिकूल प्रभाव को रोकने के उद्देश्य से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक महत्वपूर्ण कानून टेक इट डाउन एक्ट पर हस्ताक्षर किए हैं। यह कानून अमेरिका के पहले नए संघीय कानूनों में से एक यह कानून अमेरिका के पहले नए संघीय कानूनों में से एक है, जिसका उद्देश्य एआइ-जनित सामग्री से होने वाले संभावित नुकसान को दूर करना है क्योंकि यह तकनीक तेजी से आगे बढ़ रही है।

मेलानिया ट्रंप द्वारा समर्थित है यह कानून- अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप द्वारा समर्थित इस कानून को ऐतिहासिक माना जा रहा है। इसके तहत अब बिना सहमति के अश्लील तस्वीरें प्रसारित करना अवैध माना जाएगा।

48 घंटों के भीतर अश्लील वीडियो हटाना जरूरी होगा - सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, इस कानून के अनुसार अगर कोई किसी को बिना उसकी सहमति के ऑनलाइन - रीयल अथवा एआइ जनित अश्लील तस्वीरें साझा करता है या ऑनलाइन पोस्ट करता है तो इसे अवैध माना जाएगा तथा ऐसी तस्वीरों के बारे में अधिसूचित किए जाने के 48 घंटों के भीतर तकनीकी प्लेटफार्म को इन्हें हटाना जरूरी होगा।

## आतंकवाद के खिलाफ भारत को मिला नीदरलैंड का भी साथ, जयशंकर ने की पीएम डिक स्कूफ से मुलाकात



नई दिल्ली (एजेंसी)। नीदरलैंड्स के प्रधानमंत्री डिक स्कूफ ने मंगलवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ व्यापार, प्रौद्योगिकी और सुरक्षा के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने पर बातचीत की और सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई का समर्थन किया।

जयशंकर के साथ बैठक के बाद डिक स्कूफ ने कहा कि वह जल्द ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नीदरलैंड्स में स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। मोदी को 13 से 17 मई तक क्रोएशिया, नार्वे और नीदरलैंड्स की यात्रा करनी थी, लेकिन पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के कारण यह यात्रा रद कर दी गई।

जयशंकर ने पीएम स्कूफ को कहा धन्यवाद- वार्ता के दौरान जयशंकर ने आतंकवाद के खिलाफ नीदरलैंड्स के दृढ़ रुख के लिए प्रधानमंत्री डिक स्कूफ को धन्यवाद दिया। विदेश मंत्री के साथ अपनी बैठक के बारे में स्कूफ ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के खिलाफ भारत की लड़ाई के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया है। उन्होंने इंटरनेट मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि यह सभी पक्षों के लिए अच्छी बात है कि भारत और पाकिस्तान के बीच हिंसा और नहीं बढ़ी है।

नीदरलैंड्स के प्रधानमंत्री ने कहा कि बदलती दुनिया में नीदरलैंड्स और भारत दोनों के लिए एक-दूसरे पर भरोसा करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, हमने अपनी रणनीतिक साझेदारी के बारे में भी बात की। यह व्यापार, नई प्रौद्योगिकी, कृषि और सुरक्षा सहित क्षेत्रों में नीदरलैंड्स और भारत के बीच दीर्घकालिक सहयोग से संबंधित है।

## पाकिस्तान में पानी के लिए मचा हाहाकार, सिंध में गृह मंत्री का घर जलाया; बंदूकें लेकर आए प्रदर्शनकारी



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौते को रोक दिया। उधर पाकिस्तान में सिंधु नदी के पानी के लिए आंदोलन जारी है। सिंध प्रांत में सिंधु नदी पर विवादास्पद नहरों के निर्माण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन और उग्र हो गया।

पाकिस्तानी अखबार डॉन के मुताबिक, नौशहरो फिरोज जिले के मोरो तालुका में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच भयंकर झड़प हो गई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए लाठीचार्ज किया। पुलिस ने लाठीचार्ज किया और गोलियां भी चलाई गईं। पुलिस के लाठीचार्ज में एक व्यक्ति की मौत हो गई और पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) सहित कुछ अन्य घायल हो गए।

गृह मंत्री के घर घुसे प्रदर्शनकारी- इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने हिंसक रूप धारण कर लिया और दो ट्रेलरों में आग लगा दी। उन्होंने सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन लांजार के घर में भी घुसकर तोड़फोड़ की और कई हिस्सों में आग लगा दी, जबकि कुछ मोटरसाइकिलों को भी आग लगा दी गई। प्रदर्शनकारी गृहमंत्री के घर बंदूकें लेकर पहुंचे हैं।

इस वजह से मोरो की ओर जाने वाली सड़क पर यातायात स्थगित रहा। वहीं पुलिस के एक बयान में कहा गया है कि बेनजीराबाद के पुलिस उप महानिरीक्षक परवेज चंदियो और नौशहरो फिरोज के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) संघार मलिक मौके पर पहुंचे स्थिति को कंट्रोल में लाने के लिए विभिन्न थानों के कर्मियों को भी बुलाया गया।

## ट्रंप की ऐतिहासिक घोषणा, अंतरिक्ष मिसाइल रक्षा प्रोजेक्ट गोल्डन डोम प्रोजेक्ट का किया एलान




नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मंगलवार को महत्वाकांक्षी गोल्डन डोम मिसाइल रक्षा प्रोजेक्ट की घोषणा कर दी है। इस प्रोजक्ट का एलान करते हुए ट्रंप ने कहा कि हम गोल्डन डोम मिसाइल डिफेंस शील्ड के बारे में ऐतिहासिक घोषणा कर रहे हैं। यह कुछ ऐसा है जो हम चाहते हैं।

आगे कहा कि रोनाल्ड रीगन (40वें अमेरिकी राष्ट्रपति) इसे कई साल पहले चाहते थे, लेकिन उनके पास तकनीक नहीं थी। लेकिन यह कुछ ऐसा है जो हमारे पास होगा। हम इसे उच्चतम स्तर पर रखने जा रहे हैं।

साथ ही ट्रंप ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान, मैंने अमेरिकी लोगों से वादा किया था कि मैं अपने देश को विदेशी मिसाइल हमले के खतरे से बचाने के लिए अत्याधुनिक मिसाइल डिफेंस शील्ड बनाऊंगा। और यही हम आज कर रहे हैं।

गोल्डन डोम मिसाइल डिफेंस शील्ड का उद्देश्य मिसाइलों का पता लगाने, उन्हें ट्रैक करने और उन्हें रोकने के लिए उपग्रहों का नेटवर्क बनाना है। मिसाइल का पता लगाने और उन पर नजर रखने के लिए सैकड़ों उपग्रहों की तैनाती हो सकती है।

गोल्डन डोम पर अरबों डालर खर्च होने का अनुमान है। डेमोक्रेटिक सांसदों ने इस प्रोजेक्ट में ट्रंप के सहयोगी एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स की भागीदारी के बारे में चिंता जताई है। गोल्डन डोम का विचार इजरायल के रक्षा कवच आयरन डोम से प्रेरित है।

# फिर शुरू हो रही कैलाश मानसरोवर यात्रा



नई दिल्ली (एजेंसी)। पांच वर्ष बाद इस साल जून से एक बार फिर भारतीय तीर्थयात्री मानसरोवर की यात्रा पर जा सकेंगे। इस बारे में चीन और भारत के बीच पहले से ही बनी सहमति के बाद बुधवार को विदेश मंत्रालय ने लॉट्री सिस्टम के जरिए सौभाग्यशाली यात्रियों के नामों की घोषणा की।

विदेश मंत्रालय ने बताया है कि जून से अगस्त के बीच 50-50 यात्रियों का कुल 15 जत्था मानसरोवर यात्रा के लिए रवाना होगा। इनमें से 50-50 के पांच यात्री जत्था लिपुलेख के रास्ते मानसरोवर जाएंगे, जबकि 50-50 यात्रियों के 10 जत्थे अलग-अलग समय नाथु ला रूट से रवाना होंगे। यह भी बताया गया है कि दोनों मार्ग काफी हद तक कार से जाने लायक बना दिए गए हैं, इसलिए यात्रियों को बहुत ही कम यात्रा पैदल करनी होगी।

लॉट्री सिस्टम से निकाले नाम- यहां एक कार्यक्रम में विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्द्धन सिंह में चयनित यात्रियों के नाम लॉट्री सिस्टम के जरिए निकाले। विदेश मंत्रालय का दावा है कि लॉट्री प्रणाली कंप्यूटर आधारित है, जो पूरी तरह से पारदर्शी है।

इस साल कुल 5561 यात्रियों ने पंजीयन कराया था।

इसमें 4024 पुरुष और 1537 महिलाएं थी।

## कन्नड़ लेखिका बानू मुश्ताक ने रचा इतिहास, हार्ट लैंप के लिए जीता इंटरनेशनल बुकर प्राइज



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय लेखिका, वकील और एक्टिविस्ट बानू मुश्ताक ने अपनी किताब हार्ट लैंप के लिए इंटरनेशनल बुकर प्राइज जीता है। बानू मुश्ताक कर्नाटक कीर रहने वाली हैं। बानू मुश्ताक को उनकी कन्नड़ कहानी संग्रह हार्ट लैंप के लिए साल 2025 का प्रतिष्ठित बुकर प्राइज मिला है।

यह पहली बार है, जब कन्नड़ भाषा में लिखी किसी किताब को बुकर प्राइज मिला है। उन्होंने ये किताब जीतकर इतिहास रच दिया। दीपा भष्ठी ने इस किताब का कन्नड़ से अंग्रेजी में अनुवाद किया था।

कब और कहां हुआ पुरस्कार का एलान- पेशे से वकील और पत्रकार, बानू मुश्ताक ने कहानीकार, कवि, उपन्यासकार और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान बनाई है। 20 मई लंदन के टेट मॉडर्न में आयोजित एक समारोह में इस पुरस्कार का एलान किया गया।

12 कहानियों का संग्रह है- बता दें कि 2025 के निर्णायक मंडल की अध्यक्षता करने वाले लेखक मैक्स पोर्टर ने हार्ट लैंप को विजेता के रूप में घोषित किया। पोर्टर ने कहा, कई साल बाद हार्ट लैंप अंग्रेजी पाठकों के लिए कुछ नया है।

## क्या उसने मर्डर किया है, SC ने पूर्व IAS प्रोबेशनर पूजा खेडकर को दी अग्रिम जमानत



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व आईएएस प्रोबेशनर पूजा खेडकर को बुधवार को बड़ी राहत दी है। पूजा खेडकर को फिलहाल अग्रिम जमानत मिल गई है। उन पर सिविल सेवा परीक्षा में धोखाधड़ी करने का आरोप है।

क्या है आरोप- आरोप है कि पूजा खेडकर ने ओबीसी और दिव्यांगता कोटे का गलत लाभ उठाने के लिए धोखाधड़ी की। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ती सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने खेडकर को जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया है।

पीठ ने क्यों दी राहत- पीठ ने कहा कि मामलों के तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए इस मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय को याचिकाकर्ता को जमानत देनी चाहिए थी। हालांकि, दिल्ली पुलिस के वकील ने पूजा खेडकर को अग्रिम जमानत दिए जाने का कड़ा विरोध किया और कहा कि वह जांच में सहयोग नहीं कर रही हैं और उनके खिलाफ आरोप गंभीर हैं।

बता दें, पूजा खेडकर पर 2022 UPSC सिविल सेवा परीक्षा के लिए आरक्षण लाभ प्राप्त करने के लिए अपने आवेदन में गलत जानकारी देने का आरोप है। हालांकि, पूजा खेडकर ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों का खंडन किया है।

यूपीएससी ने फर्जी पहचान के आधार पर सिविल सेवा परीक्षा में शामिल होने के आरोप में खेडकर के खिलाफ कई कार्रवाई की, जिसमें आपराधिक मामला दर्ज करना भी शामिल है।

## 9 से 5 की नौकरी नहीं, युवाओं को अब..., 2047 तक भारत कैसे बनेगा विकसित देश? YuWaa के सीईओ ने बताई इनसाइड स्टोरी



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार का लक्ष्य है कि 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाया जाए। विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है।

इसी बीच विकसित भारत में युवाओं की भूमिका का जिक्र करते हुए युवाह के मुख्य परिचालन अधिकारी अभिषेक गुप्ता ने कहा कि युवाओं की आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें डिजिटल स्किल्स, उद्यमिता और रोजगार के अवसरों से जोड़ना जरूरी है।

उन्होंने आगे कहा, वर्क फॉर फ्यूचर के मुद्दे पर बोलते हुए गुप्ता ने बताया कि युवाह डिजिटल बदलाव, ऑटोमेशन और हरित अर्थव्यवस्था को ध्यान में रखते हुए युवाओं को भविष्य के लिए तैयार कर रहा है। पासपोर्ट टू अर्निंग (क्ष्2श्र) और यूथ हब जैसे प्लेटफॉर्म युवाओं को डिजिटल साक्षरता और 21वीं सदी की जरूरी क्षमताएं प्रदान कर रहे हैं।

गुप्ता ने बताया कि अब युवा पारंपरिक 9 से 5 की नौकरी की बजाय फ्रीलांसिंग, स्किल-बेस्ड काम और उद्देश्यपूर्ण करियर की ओर आकर्षित हो रहे हैं। युवाह द्वारा कराए गए एक सर्वे के अनुसार, 50 प्रतिशत से अधिक युवा फुल-टाइम नौकरी को उद्यमिता पर प्राथमिकता नहीं देते हैं।

उन्होंने आगे जानकारी दी कि युवाह एक साझा मंच के रूप में सरकार, निजी क्षेत्र, संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों और नागरिक समाज को एकत्र कर युवा-केंद्रित समाधानों पर काम कर रहा है। यूथ सेंट्रल और कॉल फॉर सॉल्यूशंस जैसे इनिशिएटिव, युवाओं के विचारों को आकार देने और नवाचार को समर्थन देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे हैं।

2030 तक युवाह का लक्ष्य 30 करोड़ युवाओं को स्किलिंग, रोजगार और उद्यमिता से जोड़ना है, जिसमें ग्रामीण और वंचित तबकों के युवाओं, खासकर महिलाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ग्रामीण विकास मंत्रालय के साथ हालिया साझेदारी के तहत, युवाह महिलाओं और किशोरियों को सिर्फ अवसर नहीं, बल्कि नीति निर्माण में भागीदारी का मंच भी दे रहा है।

## जस्टिस यशवंत वर्मा पर की गई FIR दर्ज करने की मांग, SC ने याचिका की खारिज; जानें आखिर क्यों सुनवाई से किया इनकार



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली हाई कोर्ट के जज रह चुके यशवंत वर्मा के घर से कथित तौर पर नोटों का बंडल उस वक्त मिला था, जब उनके घर के आउटहाउस में लगी आग को बुझाया जा रहा था।

अब सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है।

यह याचिका दिल्ली में जज के आधिकारिक आवास से नकदी मिलने के मामले में दायर की गई थी। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जवल भुयान की बेंच ने कहा कि शीर्ष अदालत की ओर से 8 मई को जारी प्रेस रिलीज में कहा गया है कि सीजेआई ने जज के जवाब के साथ आंतरिक जांच समिति की रिपोर्ट राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेज दी है।

बेंच ने कहा, आदेश की मांग करने वाली याचिका दायर करने से पहले याचिकाकर्ता को उचित प्राधिकरण के सामने प्रतिवेदन दायर कर अपनी शिकायत का निवारण कराना होगा। इसलिए हम इस रिट याचिका पर सुनवाई करने से इनकार करते हैं। इस स्तर पर अन्य याचिकाओं पर गौर करना जरूरी नहीं है।

आंतरिक पैनल ने ठहराया था दोषी- बता दें, आंतरिक जांच पैनल द्वारा जस्टिस यशवंत वर्मा को दोषी ठहराए जाने के बाद पूर्व चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया संजीव खन्ना ने उन्हें इस्तीफा देने के लिए कहा था। पूर्व सीजेआई ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भी लिखा था।

पूर्व चीफ जस्टिस ने यह पत्र जस्टिस वर्मा द्वारा इस्तीफा देने से इनकार करने के बाद लिखा गया था। जैसे ही कैश मिलने का विवाद सामने आया तो जस्टिस वर्मा को दिल्ली हाई कोर्ट से इलाहाबाद हाई कोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया था।

याचिका दायर कर एडवोकेट मैथ्यूज नेदुम्पारा और अन्य लोगों ने आपराधिक कार्यवाही शुरू करने की मांग की थी। याचिका में कहा गया था कि आंतरिक समिति ने जज के ऊपर लगे आरोपों को पहली नजर में सच पाया है।

## पांच बड़े जज छुट्टियों में भी काम कर रहे, फिर भी दोष हम पर; सुनवाई के दौरान किस पर भड़के CJI गवई?



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने बुधवार को नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि वकील छुट्टियों के दौरान काम नहीं करना चाहते हैं। उन्होंन कहा कि जो भी मामले अदालत में लंबित है उसके लिए सिर्फ न्यायपालिको को दोषी ठहराया जाता है। दरअसल, एक वकील ने ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद याचिका को सूचिबद्ध करने के लिए आग्रह किया था। इस पर सीजेआई बीआर गवई और न्यायमूर्ति जॉर्ज मसीह की पीठ ने नाराजगी जताई।

सीजेआई ने कहा, छुट्टियों के दौरान पांच जज बैठे हैं और काम करना जारी रखे हुए हैं, फिर भी हमें लंबित मामलों के लिए दोषी ठहराया जाता है। हकीकत में, वकील ही हैं जो छुट्टियों के दौरान काम करने के लिए तैयार नहीं हैं।

आंशिक अदालत कार्य दिवस- हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने उन पीठों पर एक अधिसूचना जारी की है जो आगामी ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान काम करेंगी, जिसे 26 मई से 13 जुलाई तक आंशिक अदालत कार्य दिवस के रूप में नामित किया गया है।

आंशिक अदालत कार्य दिवस के दौरान दो से पांच अवकाश पीठ बैठेंगी और चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सहित शीर्ष पांच न्यायाधीश भी इस अवधि के दौरान आदालतें चलाएंगे। पहले की प्रथा के अनुसार, गर्मी की छुट्टियों के दौरान केवल दो अवकाश पीठ हुआ करती थीं।

किस-किस दिन रजिस्ट्री रहेगी बंद- अधिसूचना में पीठों में न्यायाधीशों के साप्ताहिक आवंटन की रूपरेखा दी गई है। 26 मई से 1 जून तक सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ जेके माहेश्वरी और बीवी नागरत्ना क्रमशः पांच पीठों का नेतृत्व करेंगे।

इस अवधि के दौरान सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुली रहेगी। रजिस्ट्री सभी शनिवार (12 जुलाई को छोड़कर), रविवार और सार्वजनिक छुट्टियों पर बंद रहेगी।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine

हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 कृष्ण दशमी


## संपादकीय

# विकसित देश भी भारतीय कूटनीति की तारीफ़ के पुल बांध चुके हैं....



वैश्विक स्तरपर भारत की विदेश नीति कूटनीति की सराहना विश्व में तो ही रही है,यहां तक कि पाक के पूर्व पीएम ने भी इसकी तारीफ़ की थी,विकसित देश भी भारतीय कूटनीति की तारीफ़ के पुल बांध चुके हैं। अब भारत इसमें और एक अध्याय जोड़ने जा रहा है वह यह है कि हथियारों की लड़ाई में तो भारत ने झंडे गाढ़ दिए हैं अब बौद्धिक क्षमता से पूरे विश्व को कन्वेंस कर आतंकवाद के खिलाफ़ वार्तालाप कर अपनी वाणी से उन्हें कन्वेंस कर उन्हें सबूत तर्क देकर कूटनीति से अपनी विजय का ठप्पा लगवा कर आतंकवाद के खिलाफ विश्व के सभी देशों को एक मंच पर लाने की रणनीति को क्रियान्वयन किया जा रहा है,ताकि आतंक वाद का उनको पोषण करने वाले देश व उनका सहयोग कर उन्हें वित्त हथियार, ताकत व प्रोत्साहन देकर पोषित करने वाले देशों पर भी शाब्दिक, आर्थिक स्ट्राइक को क्रियान्वयन किया जा रहा है,उन देशों को यह एहसास कराया जा रहा है कि भारत अब पहले जैसा भारत नहीं रहा अब भारत आज का नया भारत है, इसीलिए ही 7 सर्वदलीय डेलिगेशन, चीन तुर्की अज़रबैजान पर भारत के नागरिकों द्वारा आर्थिक स्ट्राइक का फैसला लेना रेखांकित करने वाली बात है।चूँकि वैश्विक स्तरपर अब भारत की आतंकवाद के खिलाफ़ स्ट्राइक,7 डेलिगेशन से घेराबंदी, समर्थक देश की आर्थिक पाबंदी,न झुकेंगे ना रुकेंगे नीति सराहनीय है, इसीलिए चीन तुर्कीए व अज़रबैजान..पाक के भाईजान की बंद होगी भारत में दुकान,बॉयकॉट ट्रेड ट्रेवल्स व सामान, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, आतंक वाद के जो साथ रहेगा,भारत उसका विरोध करेगा,भारत के 7 डेलिगेशन बनाम पाक का 1 शांति दूत।

साथियों बात अगर हम आतंकवाद के बादशाह पाक की भारतके खिलाफ़ मदद करने वालों पर भारतीय नागरिकों द्वारा आर्थिक स्ट्राइक की करें तो, भारत के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन, तुर्किए और अजरबैजान का असली चेहरा पूरी दुनियाँ के सामने आ गया,पाक ने इस दौरान भारत पर जो ड्रोन और मिसाइल दागे वो मेड इन चाइना और तुर्किए थे, पाक ने जो चीन की फुस्स मिसाइल और तुर्किए के ड्रोन भारत पर हमले में इस्तेमाल किये, उनके अवशेष नई दिल्ली के पास मौजूद हैं, चीन और तुर्किए अब इन सबूतों को नकार नहीं सकता है। भारत ने जवाबी कार्रवाई में पाक को ऑपरेशन सिंदूर में ऐसी चोट दी कि वो घुटनों पर आ गया और सीजफायर के लिए कहा पाक को सबक सिखा दिया गया है, अब उसके भाईजान चीन, तुर्किए और अजरबैजान की दुकान भारत में बंद करने की तैयारी हो रही है। साल 2023 से 20.7 पेर्सेंट ज्यादा पर्यटक तुर्किए में पहुंचे थे, पर्यटकों से तुर्किए का राजस्व लगभग 61.1 बिलियन डॉलर रहा, भारतीय पर्यटकों का औसत खर्च इसमें लगभग 972 डॉलर है,भारतीय पर्यटकों के बहिष्कार से तुर्किए को करीब 291.6 मिलियन डॉलर का नुकसान होने का अनुमान है,ये तो वो नुकसान नजर आ रहा है, लेकिन तुर्किए को भारत के खिलाफ जाने का अप्रत्यक्ष रूप से भी आर्थिक नुकसान होगा।

तुर्किए एवं अज़रबैजान की यात्राओं के बहिष्कार के संबंध में कैट ट्रैवल एंड टूर ऑपरेटर्स संगठनों सहित विभिन्न अन्य संबंधित वर्गों से सम्पर्क कर इस अभियान को तेज करेगा, उधर दूसरी ओर तुर्की और अजरबेजान के साथ व्यापार बंद करने के मुद्दे पर अंतिम निर्णय आगामी 16 मई को कैट द्वारा नई दिल्ली में आयोजित देश के प्रमुख व्यापारी नेताओं के एक राष्ट्रीय सम्मेलन में लिया गया है।

# गोविन्दराम सेकसरिया



गोविन्दराम सेकसरिया स्वतंत्रता-पूर्व भारत के सबसे सफल व्यवसायियों में से एक थे। उन्हें भारत के कॉटन किंग के नाम से भी जाना जाता था। वे अपने समय के सबसे बड़े उद्योगपति थे। गोविन्दराम सेकसरिया ने 16 साल की उम्र में ही अपने माता-पिता को खो दिया था। उन्होंने अपनी पत्नी, भाइयों- भोलाराम, रामनाथ, माखनलाल और दो बहनों की पूरी जिम्मेदारी उठाई। कपास बाजार में सफलता प्राप्त करने के बाद गोविन्दराम सेकसरिया ने अपने क्षितिज का विस्तार किया और सर्राफा व अन्य कमोडिटी बाजारों में प्रवेश किया। वह भारतीय स्टॉक एक्सचेंज के संस्थापक सदस्यों में से एक थे।

### जन्म

गोविन्दराम सेकसरिया का जन्म 19 अक्टूबर, 1888 को तत्कालीन राज्य जयपुर के नवलगढ़ में हुआ था। वह एक सामान्य से व्यापारी परिवार में जन्मे थे। उनका जीवन एक सामान्य तरीके से चल रहा था लेकिन उनके ऊपर मुसीबतों का पहाड़ उस समय टूट पड़ा, जब उन्होंने अपने माता और पिता दोनों को एक साथ खो दिया। मात्र 16 साल की उम्र में वह अनाथ हो गए। इसके साथ ही उनके ऊपर एक बड़े परिवार की जिम्मेदारी भी आ गई। उनके परिवार का कोई समृद्ध व्यवसाय भी नहीं था, जिसे वो संभाल कर सब ठीक कर लेते। यहां गोविन्दराम सेकसरिया के पास एक ही रास्ता था, और वो ये कि उनका परिवार जो कुछ भी था उसे वहीं छोड़ आगे बढ़ें और नई शुरुआत करें। उन्होंने ठीक ऐसा ही किया।

### अंग्रेज़ी हुकूमत ने नहीं दिया साथ

नवलगढ़ छोड़कर गोविन्दराम सेकसरिया बॉम्बे (वर्तमान मुम्बई) चले आए। यहीं उन्होंने 1900 के दशक में मेसर्स नाम के तहत अपना व्यवसाय शुरू किया। चूंकि उस समय भारत अंग्रेजों के अधीन था, ऐसे में किसी भारतीय के लिए अपना व्यवसाय शुरू करना और उसे आगे बढ़ाना आसान नहीं था। अंग्रेजी हुकूमत भारतीयों को समर्थन और प्रोत्साहन न के बराबर दे रही थी। ऐसे में अपना धन लगा कर विकास की योजना बनाना और प्रगति करना जोखिम भरा और खतरनाक था। वहीं प्रमुख उद्योगों में अपना स्वामित्व जमाए बैठी विदेशी फर्मों को अंग्रेजी सरकार का पूरा समर्थन मिल रहा था।

### कपास व्यवसाय से शुरुआत

गोविन्दराम सेकसरिया भी एक जिद लेकर चल रहे थे। उन्होंने ठान लिया था कि उन्हें हर हाल में आगे बढ़ना है। अनिश्चित परिणाम के बारे में जानते हुए भी गोविंदराम ने ऐसे जोखिम भरे औद्योगिक माहौल में बॉम्बे में ही एक कपास व्यापारी के रूप में अपना कॅरियर शुरू किया। वह अंग्रेजों के रवैये के खिलाफ लड़ते हुए आगे बढ़ते रहे। उनकी हिम्मत रंग ला रही थी। कुछ ही साल में उनकी फार्म ने सरकार द्वारा गठित कॉटन कॉन्ट्रैक्ट बोर्ड की सदस्यता पा ली और वह ईस्ट इंडिया कॉटन एसोसिएशन के मूल सदस्य बन गए।

देखते ही देखते गोविन्दराम सेकसरिया कपास बाजार का एक बड़ा नाम बन गए। एक समय ऐसा आया जब उन्हें कॉटन किंग के रूप में जाना जाने लगा।

दुनिया भर की कॉटन मार्केट का बड़ा नाम बनने के बाद गोविन्दराम सेकसरिया का उत्साह आसमान छू रहा था। फिर तो वह केवल कपास व्यापार तक ही नहीं रुके। उन्होंने सराफा बाजार, विभिन्न कमोडिटी बाजारों के साथ-साथ बॉम्बे और देश में अन्य जगहों पर स्टॉक एक्सचेंजों में प्रवेश किया। उनकी फर्म मारवाड़ी चैंबर्स ऑफ कॉमर्स, बॉम्बे बुलियन एक्सचेंज, बॉम्बे सीड्स ब्रोकर्स एसोसिएशन और इंडियन मर्चेंट्स चैंबर की एक सम्मानित सदस्य बन गई।

### न्यूयॉर्क कॉटन एक्सचेंज के सदस्य

कहते हैं गोविन्दराम सेकसरिया के लिए विकास और विविधीकरण की भूख इतनी ज्यादा थी कि केवल देश भर में व्यापार विकसित होने से इस लॉइन ऑफ़ कॉमर्स (ख्नश्ठ्ठ श्रद्ध ष्टश्रद्बद्बद्गह्म्ष्द्ग) को संतुष्टि नहीं मिलने वाली थी। उनकी इसी भूख ने वो कर दिखाया जो उन दिनों बेहद ही दुर्लभ था। वो साल 1934 था, जब एक गुलाम देश का नागरिक, एक भारतीय न्यूयॉर्क कॉटन एक्सचेंज का सम्मानित सदस्य बना। ये उस समय एक भारतीय के लिए दुर्लभ विशेषाधिकार था। वह अपनी मृत्यु तक एक्सचेंज के सदस्य बने रहे। वह लिवरपूल कॉटन एक्सचेंज में भी सक्रिय हुए। यहां तक कि ब्रिटेन और अमेरिका का तांबा, चीनी और गेहूं का आयात-निर्यात भी उसके दायरे में आ गया। अंतरराष्ट्रीय बाजारों पर भी उनका प्रभाव उतना ही महसूस किया गया, जितना कि राष्ट्रीय बाजारों में। उस समय द न्यूयॉर्क टाइम्स के लेखों के अनुसार न्यूयॉर्क कॉटन एक्सचेंज में उनके बाजार संचालन को देख सब ही हैरान थे। अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्य और बाजार के विकास में उनके निर्णयों पर विश्वास और उनका सम्मान किया जाने लगा था।

### अन्य व्यापारिक क्षेत्रों में कदम

सन 1920 के दशक में गोविन्दराम सेकसरिया ने वनस्पति तेलों के साथ चीनी, कपड़ा, खनन, बैंकिंग, प्रिंटिंग प्रेस, मोशन पिक्चर्स, बुलियन ट्रेडिंग और रियल एस्टेट निवेश में विविधता लाते हुए राष्ट्रीय विकास की तरफ बड़ा कदम बढ़ाया। उस समय देश के आधे से ज्यादा हिस्से में उनके कारखाने थे। 1937 में उन्होंने गोविंदराम ब्रदर्स प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना की, जो उनकी औद्योगिक दृष्टि का प्रमुख केंद्र था।

### देशभक्ति की भावना

व्यापार के क्षेत्र में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ जाकर अपना परचम लहराने वाले गोविन्दराम सेकसरिया के अंदर देशभक्ति की भावना भी खूब थी। हालांकि प्रत्यक्ष रूप से उन्होंने कभी भी कभी भी इस भावना को सार्वजनिक नहीं किया लेकिन स्वतंत्रता आंदोलन में उनका बड़ा योगदान रहा। दुर्लभ विशेष अवसरों को छोड़कर वह जनता की नज़रों से दूर रहे। 1940 में उन्होंने अपने पूना बंगले में स्वतंत्रता के लिए लड़ रहे सदस्यों की मेजबानी की। वहीं उन्होंने बंबई में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साथ मंच भी साझा किया।

### शैक्षाणिक व चिकित्सा संस्थानों की स्थापना

भले ही गोविन्दराम सेकसरिया ने देश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा और सम्मान प्राप्त किया, लेकिन ये सब उनके व्यापारिक गुणों के कारण था। बात अगर शिक्षा की करें तो इस मामले में वह बहुत पीछे थे। कोई औपचारिक शिक्षा न प्राप्त करने का उन्हें हमेशा मलाल रहा और इसी कारण उन्होंने शिक्षा का महत्व समझते हुए पूरे भारत में कई स्कूलों, कॉलेजों, शैक्षणिक और चिकित्सा संस्थानों की स्थापना में अपना बड़ा योगदान दिया।

### दानी व्यक्ति

गोविन्दराम सेकसरिया इतने विनम्र थे कि उनके दिए गए अनगिनत दानों के बारे में बहुत कम लोग जान पाए। उन्होंने इन बातों पर कभी घमंड नहीं किया और न इस बारे में लोगों के बीच ज्यादा चर्चा की। इस दुनिया को अलविदा कहने से कुछ समय पहले तक उन्होंने खुलकर दान किया था। कहा जाता है कि उन्होंने अपने जीवनकाल में लगभग 2 करोड़ रुपये चैरिटी के लिए दान किए थे।

### मृत्यु

बेहद कम उम्र में अनाथ होने के बावजूद अंग्रेजों के खिलाफ जाकर विदेशों तक अपनी धाक जमाने वाले गोविन्दराम सेकसरिया का निधन 22 मई, 1946 में हुआ। उनके निधन के बाद प्रेस और अन्य मीडिया द्वारा उन्हें भरपूर श्रद्धांजलि दी गई। बुलियन एक्सचेंज, कॉटन एक्सचेंज, स्टॉक एक्सचेंज सहित बॉम्बे के सभी प्रमुख बाजार दिवंगत आत्मा के सम्मान में बंद रहे। ऐसा सम्मान उन दिनों एक भारतीय के लिए दुर्लभ सम्मान था।

# बड़ा खुलासा: IMF ने लोन के बदले पाक पर 11 नहीं बल्कि लगाईं 13 शर्तें




नई दिल्ली (एजेंसी)। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पाकिस्तान को जब एक अरब डॉलर को लोन दिया तब उस पर 11 शर्तें लगाई थीं। लेकिन अब जानकारी सामने आई है कि आईएमएफ ने पाकिस्तान पर दो और शर्तें थोपी हैं। इसमें से एक शर्त ऐसी है, जिससे पाकिस्तान के हर परिवार पर बोझ बढ़ना तय हो गया है।

IMF ने पाकिस्तान पर लगाई क्या नई शर्त- मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आईएमएफ ने 11 पुरानी शर्तों के अलावा पाकिस्तान सरकार से 1 जुलाई से अपने केंद्रीय बजट के एक हिस्से के रूप में पेट्रोल और डीजल पर 5 रुपये प्रति लीटर कार्बन लेवी लगाने को कहा है। यह लेवी वर्ष 2027 तक वसूली जाएगी। अगले साल इस लेवी को और बढ़ाया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह निर्णय IMF और पाकिस्तान के वित्त मंत्रालय के बीच चर्चा के दौरान लिया गया। आईएमएफ ने 13वीं शर्त के रूप में कहा है कि पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान को कम से कम 14 अरब डॉलर का भंडार बनाए रखना होगा।

बता दें, आईएमएफ ने पाकिस्तान को यह 1 अरब डॉलर का लोन उस समय स्वीकृत किया था, जब दोनों देशों के बीच युद्ध के हालात बने हुए थे। भारत ने इस लोन का यह कह कर विरोध किया था कि पाकिस्तान इस पैसे का इस्तेमाल आतंकवाद को बढ़ावा देने और सैन्य खर्चों में करेगा।

पाकिस्तान पर कुल कितना कर्ज- पाकिस्तान की आर्थिक हालत कितनी खराब है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पाकिस्तान का कुल सार्वजनिक कर्ज और देनदारियां 62.88 लाख करोड़ रुपए है। यह पाकिस्तान के सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी का लगभग 74.3% है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने दिवालिया होने के कगार पर खड़े पाकिस्तान के लिए पिछले साल जुलाई में भी 7 अरब डॉलर का बेलआउट पैकेज मंजूर किया था। बेलआउट पैकेज के लिए IMF ने पाकिस्तान के सामने कई शर्तें रखी हैं। इनमें अर्थव्यवस्था को मजबूत करना और उसमें स्थिरता लाना, कुछ ढांचागत बदलाव करना, मजबूत और समावेशी विकास का माहौल तैयार करना शामिल हैं।

## 80% तक चढ़ेगा यह डिफेंस शेयर! ब्रह्मोस मिसाइल के लिए इक्विपमेंट बनाती है कंपनी




नई दिल्ली (एजेंसी)। डिफेंस सेक्टर की कंपनी डेटा पैटर्न्स (इंडिया) लिमिटेड के शेयर लगातार चर्चा में हैं। कंपनी के शेयर में आज बुधवार को जबरदस्त तेजी देखी गई है। बता दें कि डेटा पैटर्न्स (इंडिया) लिमिटेड तेजस और ब्रह्मोस मिसाइल जैसे लड़ाकू विमानों में इस्तेमाल होने वाले इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम बनाती है। बता दें कि ब्रह्मोस मिसाइल भारत की सबसे तेज और शक्तिशाली मिसाइलों में से एक है, जो अपनी उच्च गति और सटीकता के लिए जानी जाती है। यह शेयर आज कारोबार के दौरान 4त्र से अधिक चढ़ गए थे। इसकी कीमत 2829 रुपये पर पहुंच गई थी। बता दें कि पहलगाम अटैक और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान से ही इसमें तेजी है और महीनेभर में यह शेयर 50त्र तक चढ़ गए हैं। इस बीच, ब्रोकरेज फर्म भी इसे खरीदने की सलाह दे रहे हैं। उनके मुताबिक, लंबी अवधि में यह शेयर बंपर रिटर्न दे सकता है।

क्या है ब्रोकरेज की राय

विदेशी ब्रोकिंग फर्म जेफरीज ने इस शेयर पर 4,715 रुपये का टारगेट प्राइस तय किया है और 'बाय' की सिफारिश की है। यह पिछले बंद प्राइस 2635.40 रुपये से करीबन 80त्र बढ़त को दिखाता है। ब्रोकरेज के मुताबिक, यह शेयर 75× के मूल्य-से-आय (पी/ई) गुणक पर कारोबार कर रहा है, जिसे महंगा माना जाता है।

# अगले हफ्ते आएंगे ये तीन IPO, जानिए इश्यू खुलने की तारीख और प्राइस बैंड




नई दिल्ली (एजेंसी)। अगले हफ्ते तीन कंपनियों के आईपीओ आने वाले हैं। इनमें लॉजिस्टिक्स कंपनी एजिस वोपाक, हॉस्पिटैलिटी कंपनी स्क्लॉस बैंगलोर और पावर सॉल्यूशन कंपनी प्रोस्टार्म इन्फो सिस्टम्स शामिल हैं। जानते हैं इन कंपनियों के आईपीओ की डिटेल।

Aegis Vopak: 26 को खुलेगा पब्लिक ऑफर

एजिस वोपाक टर्मिनल्स, एजिस लॉजिस्टिक्स की सब्सिडियरी कंपनी है। इसका 2800 करोड़ रुपये का आईपीओ 26 मई को खुलकर 28 मई को बंद होगा। कंपनी ने इसके लिए 223 से 235 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया है।

इश्यू का 75% क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए, 15% नॉन-इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए और 10% रिटेल निवेशकों के लिए सुरक्षित रखा गया है। निवेशकों को कम से कम 63 इक्विटी शेयरों के लिए बोली लगानी पड़ेगी। एंकर निवेशक 23 मई को बोली लगा सकते हैं। कंपनी पहले 3500 करोड़ रुपये का आईपीओ लाना चाहती थी। बाद में उसने इश्यू साइज घटाकर 2800 करोड़ कर दिया। इसमें से 2016 करोड़ रुपये कर्ज लौटाने में इस्तेमाल किए जाएंगे, 671.30 करोड़ मैंगलोर में एलपीजी टर्मिनल के अधिग्रहण पर खर्च किया जाएगा, बाकी रकम सामान्य कॉर्पोरेट खर्चों में इस्तेमाल होगी।

Schloss Bangalore: 26 मई को खुलेगा आईपीओ- स्क्लॉस बैंगलोर लग्जरी होटल चेन द लीला की ओनर कंपनी है। इसने आईपीओ के लिए 413 रुपये से 435 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया है। इसका इश्यू 26 मई को खुलेगा और 28 को बंद होगा। निवेशक कम से कम 34 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। इस आईपीओ से कंपनी का 3500 करोड़ रुपये जुटाने का इरादा है। इसमें से वह 2300 करोड़ रुपये का इस्तेमाल कर्ज लौटाने में करेगी। बाकी रकम सामान्य कॉर्पोरेट खर्चों में जाएगी।

## मुंबई से एम्स्टर्डम की नॉन-स्टॉप फ्लाइट, इंडिगो ने पैसेंजर्स को दिया बड़ा तोहफा




नई दिल्ली (एजेंसी)। प्राइवेट एयरलाइन इंडिगो ने मुंबई से एम्स्टर्डम तक अपनी पहली नॉन-स्टॉप फ्लाइट शुरू करने का ऐलान किया है। यह फ्लाइट सर्विस 2 जुलाई 2025 से शुरू होगी। कंपनी की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक इस रूट पर सप्ताह में तीन बार इंडिगो की फ्लाइट उपलब्ध होगी। इंडिगो ने यह भी घोषणा की कि इस मार्ग पर सभी यात्रियों को गर्म भोजन और पेय पदार्थ परोसे जाएंगे। बता दें कि कंपनी बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर विमान के जरिए यूरोप में विस्तार कर रही है।

कहां से कर सकेंगे बुकिंग- इंडिगो की आधिकारिक वेबसाइट www.goIndiGo.in पर फ्लाइट की बुकिंग कर सकते हैं। इसके अलावा मोबाइल ऐप और अधिकृत ट्रैवल पार्टनर्स सहित सभी चैनलों पर मुंबई से एम्स्टर्डम फ्लाइट की बुकिंग उपलब्ध है।

क्या कहा कंपनी के अधिकारी ने- इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीटर एल्बर्स ने कहा-मैं एम्स्टर्डम के लिए इंडिगो की फ्लाइट शुरू करते हुए रोमांचित हूं। हम अवकाश, व्यवसाय और शिक्षा के लिए यूरोप की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए राह आसान बना रहे हैं। नीदरलैंड और भारत एक मजबूत और संपन्न द्विपक्षीय संबंध साझा करते हैं।

बता दें कि वर्तमान में, भारत

# जारी रहेंगे भारतीय शेयर बाजार के 'अच्छे दिन', मॉर्गन स्टैनले ने बताया एक साल में कहां जाएगा सेंसेक्स




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत की इकोनॉमी के साथ यहां के शेयर बाजार भी अच्छा परफॉर्म कर रहे हैं। अगले एक साल में भी शेयर मार्केट में तेजी का माहौल बने रहने की उम्मीद है। ग्लोबल इन्वेस्टमेंट बैंक मॉर्गन स्टैनले ने अपनी रिसर्च रिपोर्ट में भारत की लॉन्ग टर्म ग्रोथ स्टोरी में भरोसा जताते हुए यह अनुमान जताया है।

एक साल में कहां जाएगा शेयर बाजार- मॉर्गन स्टैनले ने कहा है कि जून 2026 तक बीएसई का सेंसेक्स 89000 तक पहुंच जाएगा। इंडेक्स के मौजूदा स्तर से देखें, तो साल भर में इसमें लगभग 8त्र की बढ़ोतरी होगी। मॉर्गन स्टैनले ने प्रति शेयर आय का अनुमान भी एक प्रतिशत बढ़ा दिया है।

रिपोर्ट के अनुसार आने वाले समय में सेंसेक्स के 23.5 प्राइस अर्निंग (पीई) मल्टीपल पर ट्रेड करने की उम्मीद है, जबकि इसका 25 साल का औसत 21 है। इस प्रीमियम वैल्यूएशन से पता चलता है कि आने वाले समय में भारत की इकोनॉमी में स्थिरता को लेकर ग्लोबल इन्वेस्टर काफी भरोसेमंद हैं।

भारत की मजबूती के क्या हैं कारण - इस सकारात्मक तस्वीर के पीछे रिपोर्ट में कई कारण बताए गए हैं। इनमें इकोनॉमी में स्थिरता, प्राथमिक घाटे में गिरावट, महंगाई दर में नरमी और घरेलू इन्वेस्टमेंट बढ़ना शामिल हैं। इसका कहना है कि निजी क्षेत्र में कैपिटल एक्सपेंडिचर बढ़ने, कॉरपोरेट सेक्टर की मजबूत बैलेंस शीट और आम लोगों के डिस्क्रेशनरी खर्च में बढ़ोतरी से कंपनियों की सालाना आय में वृद्धि की दर मध्यम से लेकर ऊंची बनी रहेगी।

रिपोर्ट में शेयर बाजार के पिछले प्रदर्शन का भी जिक्र किया गया है। इसमें कहा गया है कि हाल की वैश्विक घटनाओं के बावजूद भारतीय शेयर बाजारों ने कुल मिलाकर मजबूती दिखाई है। रिटेल इन्वेस्टर्स लगातार पैसा लगा रहे हैं। इसका मतलब है कि भारत की ग्रोथ स्टोरी में उनका भरोसा बरकरार है।

## मुनाफा घटा फिर भी रॉकेट बने टायर कंपनी के शेयर, 390 रुपये के ऊपर पहुंचा दाम



नई दिल्ली (एजेंसी)। टायर कंपनी जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयर रॉकेट बन गए हैं। जेके टायर के शेयर बुधवार को 13 पर्सेंट के उछाल के साथ 395.50 रुपये पर पहुंच गए हैं। सालाना आधार पर मुनाफा घटने के बाद भी कंपनी के शेयरों में जबरदस्त तेजी आई है। पिछले एक महीने में कंपनी के शेयरों में 26 पर्सेंट से अधिक का उछाल आया है। कंपनी के शेयर इस अवधि में 311.30 रुपये से बढ़कर 395 रुपये के पार जा पहुंचे हैं। जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 510.90 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 231.65 रुपये है।

जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड का कंसॉलिडेटेड मुनाफा चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 41 पर्सेंट घटकर 102 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी का कंसॉलिडेटेड प्रॉफिट 175 करोड़ रुपये था। हालांकि, तिमाही आधार पर टैक्स भुगतान के बाद जेके टायर का मुनाफा 79 पर्सेंट बढ़कर 57 करोड़ रुपये रहा है।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine

ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए

हिन्दकुश मीडिया

hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# कटनी में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलटी, तीन महिलाओं की मौके पर मौत

कटनी। कटनी जिले के ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत खमतरा गांव के पास बुधवार की दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जब एक कार के सामने अचानक गाय आ जाने से वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया।

इस भीषण दुर्घटना में तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद पूरे खमतरा गांव में मातम छा गया है और मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### रिश्तेदारी से लौटते समय हुआ हादसा

जानकारी के मुताबिक खमतरा निवासी बर्मन परिवार के लोग पिंडरई गांव में एक रिश्तेदारी के चौक समारोह में शामिल होने मंगलवार को कार से गए थे।

बुधवार दोपहर करीब तीन बजे सभी लोग समारोह से लौटकर खमतरा गांव की ओर जा रहे थे।



जैसे ही उनकी कार मुख्य मार्ग पर खमतरा गांव के पास पहुंची, तभी अचानक एक गाय सामने आ गई। गाय को बचाने की कोशिश में कार चालक ने नियंत्रण खो दिया और कार पलट गई।चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण पहुंचे मदद को

कार पलटने के बाद उसमें सवार लोग बुरी तरह से फंस गए और चीखने-चिल्लाने लगे। आसपास के ग्रामीणों ने आवाज सुनकर घटनास्थल पर पहुंचकर तत्काल राहत कार्य शुरू किया और घायलों को कार से बाहर निकाला। इसी दौरान पुलिस को सूचना दी गई।

मौके पर ढीमरखेड़ा थाना पुलिस पहुंची और 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को उमरियापान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया।

### तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत

अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद शिवानी बर्मन (35), फूलबाई बर्मन (40) और रानी बर्मन (50), सभी निवासी खमतरा को मृत घोषित कर दिया। इनकी मौत की खबर से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। दुर्घटना में मिथला बाई बर्मन (45), सीमा बर्मन (28), लक्ष्मी बर्मन (18), शिवरती बर्मन (40), काजू बर्मन (42) और रूद्र बर्मन (10) घायल हुए हैं, जिनका उपचार जारी है।

### शवों का पीएम कर परिजनों को सौंपा गया

पुलिस नेतीनों मृत महिलाओं के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और बाद में शव स्वजनों को सौंप दिए। मामले की जांच की जा रही है। हादसे के बाद खमतरा गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा रही, वहीं शोकाकुल परिजनों को सांत्वना देने के लिए ग्रामीणों का तांता लगा रहा।

# 25 लोगों से शादी कर की लाखों की ठगी, पुलिस ने फर्जी दुल्हन को जाल में फंसाया; भोपाल से गिरफ्तार



भोपाल। राजस्थान पुलिस ने फर्जी तरीके से की गई शादियों के जरिए लोगों से लाखों रुपये ठगने वाली एक महिला को भोपाल से गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले की मानटाउन थाना पुलिस ने की है।

आरोपी की पहचान 23 वर्षीय अनुराधा पासवान के रूप में हुई है। आरोप है कि अब तक वह 25 व्यक्तियों से फर्जी शादी कर उन्हें ठग चुकी है। बता दें कि 3 मई 2025 को राजस्थान के मानटाउन निवासी विष्णु शर्मा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसे खंडवा निवासी सुनीता और पप्पू मीना ने मनपसंद लड़की से शादी करवाने का झांसा देकर भोपाल निवासी अनुराधा का फोटो दिखाया। उसके बाद सवाई माधोपुर कोर्ट में फर्जी एग्रीमेंट के जरिए 2 लाख रुपये लेकर शादी करा दी।ऐसे पकड़ में आई लुटेरी दुल्हन

शादी के महज तीन दिन बाद ही अनुराधा घर से रुपये, जेवर और मोबाइल लेकर फरार हो गई। एफआइआर दर्ज होने के बाद राजस्थान पुलिस ने दल गठित कर भोपाल में मुखबिरों की मदद से फर्जी तरीके से शादी कराने वाले गिरोह से संपर्क किया।

दल के एक सिपाही को अविवाहित बताकर फर्जी शादी कराने की योजना बनाई। एजेंट द्वारा दिखाई गई तस्वीरों में फरार अनुराधा की पहचान हुई। टीम ने भोपाल के कालापीपल स्थित पन्नाखेड़ी गांव में दबिश देकर अनुराधा को गिरफ्तार कर लिया।

# शराब के नशे में हूं नहीं आ सकता, कलेक्टर के बुलावे पर इंजीनियर ने दिया जवाब



नरसिंहपुर। जिले में पदस्थ कुछ उच्च अधिकारी अब प्रशासनिक अनुशासन को दरकिनार कर मनमानी पर उतर आए हैं। जिला प्रशासन के आदेशों को नजरअंदाज कर, ड्यूटी समय में शराब पीना और अधिकारियों के निर्देशों को खुलेआम ठुकराना अब आम होता जा रहा है।

इसी लापरवाही का ताजा उदाहरण लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री अरनव गुहा का सामने आया है, जिन्होंने कलेक्टर के बुलावे पर कृषि मेले की तैयारियों की बैठक में शामिल होने से यह कहकर इनकार कर दिया कि वे शराब के नशे में हैं। कृषि मेला की तैयारी के लिए जरूरी थी मौजूदगी

जिला मुख्यालय में 26 से 28 मई तक कृषि विज्ञान केंद्र के पास कृषि उद्योग समागम का आयोजन किया जाना है। इस कार्यक्रम में देश के उपराष्टपति और राज्य के मुख्यमंत्री के आने की संभावना है, जिसके चलते जिला प्रशासन की ओर से तैयारियों को लेकर गंभीरता बरती जा रही है। इसी सिलसिले में कलेक्टर शीतला पटले ने 18 मई की शाम सभी संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पर बुलाया था।

### शराब के नशे में बैठकों से किया इनकार

कार्यक्रम की गंभीरता को देखते हुए लोक निर्माण विभाग की भूमिका अहम मानी गई थी, क्योंकि हेलिपैड से लेकर मुख्य कार्यक्रम स्थल तक की व्यवस्था उसी विभाग के अधीन है। जब कार्यपालन यंत्री अरनव गुहा बैठक में नहीं पहुंचे, तो कलेक्टर ने अपने स्टेनो से उन्हें फोन कराया। फोन पर गुहा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वे शराब के नशे में हैं। बैठक में नहीं आ सकते।

### एफआईआर की चेतावनी

सूत्रों के अनुसार गुहा विभागीय रेस्ट हाउस में शराब सेवन कर रहे थे। कलेक्टर ने तत्काल उन्हें चिकित्सकीय परीक्षण के लिए बुलाया और एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। हालांकि, किसी अंदरूनी व्यक्ति ने गुहा को पहले ही आगाह कर दिया, जिससे वे मौके से भाग निकले।

# कटनी के ढीमरखेड़ा में आमने-सामने टकराई यात्री बसें, 23 घायल



कटनी। कटनी जिले के ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत सिलोडी से जहां पर दो सवारी बसों की भिड़ंत में 23 लोग घायल हो गए जिन्हें उपचार हेतु घायलों के उनकी स्थिति अनुसार यथा उचित चिकित्सालय में भेजा गया प्राप्त जानकारी के अनुसार सिलौंड़ी से कटनी जा रही चौरसिया बस सर्विस एमपी 21 पी 1511 और कटनी से सिलोडी आ रही ठाकुर बस सर्विस एमपी 51 पी 0174 की सिलोडी बरिया के पास सामने से टक्कर हो गई।

इसमें दोनों ही बसों के ड्राइवर की तरफ जोरदार टक्कर लगी और सवारी भी हताहत हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार बस में सवार वाहन चालकों सहित 23 लोग घायल हुए घटना की जानकारी लगते ही चौकी प्रभारी विष्णु शंकर जायसवाल स्टाफ के साथ मौके सभी घायलों को सुरक्षित बस से निकलवाया।

जिन्हें तत्काल ही उपचार के लिए सिलौंडी प्राथमिक चिकित्सालय में ले जाया गया गंभीरता को देखते हुए दो लोगों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया वहीं पांच लोगों को उमरिया पान- चिकित्सालय भेजा गया घटना की जानकारी लगते ही देवरा ढीमरखेड़ा एसडीएम निधि गोहल मौके पर पहुंची और घायलों से मुलाकात कर क्रिटिकल कंडीशन वाले घायलों को उमरिया पान रेफर करवाया।

सिलौंड़ी स्वास्थ्य विभाग के 6 सेक्शन के समस्त कर्मचारियों द्वारा युद्ध स्तर पर काम करके सभी घायलों को प्राथमिक उपचार देते हुए राहत का काम किया गया। ग्रामीणों की माने तो सिलौंड़ी कछारगांव में पदस्थ डॉक्टर सिसोदिया जिनकी वहां पर ड्यूटी होती है वह मौके पर नहीं थे घटना के तकरीबन 1 घंटे बाद उमरिया पान से सिलौंड़ी पहुंचे जब तक घायलों का काफी इलाज हो चुका था।

# गला दबाकर की थी महिला की हत्या, बेहोश होने पर शरीर से उतार लिए थे जेवर

रतलाम। ताल पुलिस ने महिला के अंधेकत्ल की गुत्थी सुलझाकर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार महिला द्वारा साथ में रहने से मना करने व मुख्य आरोपित शंकरलाल मालवीय निवासी ग्राम खारवाखुर्दको उधार रुपये देने से मना करने पर शंकरलाल ने अपने भानेज ईश्वर के साथ मिलकर महिला हत्या की थी। इसके बाद शरीर से जेवर उतार कर शव बाइक पर ले जाकर कुएं में फेंक दिया था। पुलिस ने आरोपित शंकरलाल व ईश्वर को गिरफ्तार कर लिया।

उल्लेखनीय की 42 वर्षीय राजूबाई पत्नी स्व. रामलाल मालवीय निवासी ग्राम रणायरा पीरखेडा थाना झारडा जिला उज्जैन 14 मई 2025 से लापता थी। उसका शव 17 मई को ग्राम खरवाखुर्द स्थित एक खेत के कुएं में मिला था। पुलिस ने पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा धारा 103(1),238 में प्रकरण दर्ज किया था। पुलिस के अनुसार एसपी अमित कुमार द्वारा हत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए एएसपी राकेश खाका एवं आलोट एसडीओपी शाबेरा अंसारी के मार्गदर्शन तथा ताल थाना प्रभारी विक्रमसिंह चौहान के नेतृत्व में टीम गठित की।



# विकसित मध्यप्रदेश @2047 दृष्टिपत्र पर मंत्रि-परिषद का मंथन



इन्दौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती वर्ष पर राजवाड़ा इंदौर में विकसित मध्यप्रदेश ञ्च2047 दृष्टिपत्र पर मंत्रि-परिषद ने मंथन किया। लोकमाता देवी अहिल्याबाई के आदर्शों और मूल्यों अनुरूप विकसित मध्यप्रदेश बनाने के लक्ष्यों और प्रक्रिया पर सदस्यों की विस्तृत चर्चा हुई। वर्ष 2047 तक प्रदेश का समेकित विकास करते हुए सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) को 15.03 लाख करोड़ से बढ़ाकर 250 लाख करोड़ (2 ट्रिलियन डॉलर) करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय को एक लाख 60 हजार रूपये से बढ़ाकर 22 लाख रूपये करने का भी लक्ष्य रखा गया है।

अपर मुख्य सचिव श्री संजय कुमार शुक्ला ने बताया कि दृष्टि पत्र में वर्ष 2047 में एक समृद्ध मध्यप्रदेश की परिकल्पना की गयी है जो कि सभी के सामूहिक प्रयासों से संपन्न, सुखद और सांस्कृतिक मध्यप्रदेश की नींव पर निर्मित होगा। इस प्रकार वर्ष 2047 का मध्यप्रदेश प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणा मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबके प्रयास के अनुसरण से निर्मित होगा। मध्यप्रदेश को वर्ष 2047 तक विकसित राज्य बनाने एवं प्रदेश के समग्र सामाजिक आर्थिक विकास के उद्देश्य से हितधारक परामर्श एवं जन सहयोग से विकसित मध्यप्रदेश @2047 दृष्टि पत्र को तैयार किया गया है। दृष्टि पत्र को धरातल पर वास्तविक रूप से साकार करने के लिए रोडमैप का मंत्रि-परिषद के सदस्यों के समक्ष सम्बंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रेजेंटेशन दिया।

दृष्टि पत्र में वर्ष 2047 में अल्पकालिक और दीर्घकालिक लक्ष्यों के बारे में विस्तृत रूप से मंत्रि-परिषद के सदस्यों को अवगत कराया गया। 8 थीमैटिक ग्रुप्स में उद्योग, कृषि एवं सम्बंधित क्षेत्र तथा वनोत्पाद, सेवाएं और अधोसंरचना एवं नगरीय विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुशासन एवं नागरिक सेवाओं का प्रदाय और वित्तीय नियोजन एवं संवर्धन पर प्रेजेंटेशन दिया गया। मंत्रि-परिषद के सदस्यों ने सभी विषयों पर विस्तार से चर्चा की। मंत्रि-परिषद के सदस्यों को बताया गया कि मध्यप्रदेश @2047 दृष्टिपत्र के क्रियान्वयन के लिए उच्च स्तरीय क्रियान्वयन समिति का गठन किया जायेगा। राज्य के सभी विभागों की योजनाओं, लक्ष्यों एवं कार्य बिंदुओं की डिजिटल ट्रैकिंग की जाएगी। साथ ही लाइव डैशबोर्ड भी बनाया जाएगा।

शत-प्रतिशत साक्षरता , नवकरणीय ऊर्जा को 75 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य- मध्यप्रदेश @2047 दृष्टिपत्र अनुसार वर्तमान में राज्य की अर्थव्यवस्था कृषि आधारित है। सकल घरेलू उत्पाद में कृषि 43त्न, सेवाएं 36 और उद्योग 21त्न योगदान देते हैं। वष @2047 तक उद्योगों और स्टार्ट-अप को बढ़ावा देकर, रोजगार के अवसर सृजित कर अर्थव्यवस्था को संतुलित करते हुए जीडीपी में कृषि का योगदान 24-28%, उद्योग का योगदान 21-25% और सेवाओं का योगदान 49-53% तक लाने का प्रयास किया जायेगा। सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में कार्य करते हुए प्रति व्यक्ति औसत आयु को 67.4 वर्ष से बढ़ाकर वर्ष @2047 तक 84 वर्ष से अधिक करने का लक्ष्य रखा गया। साथ ही साक्षरता दर को 75.2% से बढ़ाकर वर्षञ्च 2047 तक 100 प्रतिशत करने का प्रयास किया जाएगा।

## विचारों की अभिव्यक्ति सहजता से होना चाहिए -मुख्यमंत्री



इन्दौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जिस तरह ईश्वर को पाने के लिए कठिन मार्ग से गुजरना होता है। उसी तरह पत्रकारिता का भी क्षेत्र है। इसमें विचारों की अभिव्यक्ति सहजता से होना चाहिए और देश सेवा की भावना निहित होना चाहिए । मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर में पत्रिका समूह द्वारा नए भारत में स्वतंत्र पत्रकारिता की भूमिका, चुनौती और संभावना विषय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंगार, प्रदेश शासन के जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, पत्रिका समूह के प्रधान संपादक श्री गुलाब कोठारी, क्रिकेटर श्री अमय खुरासिया, शिक्षाविद सुश्री धरा पांडेएवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश ने एक हजार साल की गुलामी देखी है। इससे हमारी संस्कृति, परम्पराओं और शिक्षा पद्धति को क्षति पहुंची है। हमारी संस्कृति दुनिया में सबसे अलग है। इस संस्कृति को बचाए रखने के लिए जड़ों से जुड़कर काम करने की आवश्यकता है। नए भारत में स्वतंत्र पत्रकारिता के लिए हमारे आचार-विचार और शैली में नैतिकता के साथ व्यक्ति का मन भी पवित्र होना चाहिये। पत्रकारिता, समाज सेवा, व्यापार आदि में देशसेवा की भावना होना चाहिए।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने होलकर साइंस कॉलेज के विद्यार्थियों से किया संवाद



इन्दौर। मंगलवार को इंदौर में आयोजित होने वाली कैबिनेट बैठक के लिए पधारे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने होलकर साइंस कॉलेज पहुंच कर विद्यार्थियों से संवाद किया। यह क्षण विद्यार्थियों के लिए शुभाशीष से कम नहीं था। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अपने सामने पाकर विद्यार्थियों के चेहरे की खुशी अलग ही दिख रही थी, चारों तरफ खुशी का माहौल था।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव, कैबिनेट बैठक के पूर्व होलकर साइंस कॉलेज का औचक निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने हार्टिकल्चर लैब का अवलोकन एवं फिजिकल एजुकेशन विंग के विद्यार्थियों से चर्चा भी की।

खेल के प्रति किया प्रोत्साहित- विद्यार्थियों से संवाद के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें मन लगा कर पढ़ाई करने एवं खेल कूद गतिविधियों में सहभागिता करने हेतु प्रेरित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं, ,विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल गतिविधियों में सुविधाओं का विस्तार कर रही है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि-परिषद की बैठक के पहले सदस्यों को किया संबोधित




इन्दौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर का जीवन समाज, संस्कृति और राष्ट्र के लिए समर्पित रहा। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व भारत की अमोल निधि है। लोकमाता के सुशासन के साथ ही न्याय, शिक्षा, समाज कल्याण, धर्म कल्याण, जल संरक्षण और संवर्धन आदि के कार्यों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए इंदौर में मंत्रि-परिषद की बैठक आयोजित की गई है। मालवा का गौरवशाली और स्वर्णिम इतिहास रहा है। इसे रेखांकित करने के आवश्यकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मालवा के ऐतिहासिक व्यक्तित्व मल्हार राव होल्कर, लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर, बाजीराव आदि को स्मरण करते हुए मालवा की धरती को नमन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर के राजवाड़ा के दरबार हाल में मंत्रि-परिषद की बैठक के पहले सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणा वाक्य विरासत से विकास की ओर÷ से प्रेरणा लेकर विरासत के संरक्षण और संवर्धन करते हुए विकास की अवधारणा को मूर्त रूप दिया जा रहा है। मंत्रि-परिषद की पहली बैठक जनजातीय वीरांगना रानी दुर्गावती की स्मृति में जबलपुर में आयोजित की गई थी। आज लोकमाता अहिल्याबाई को समर्पित मंत्रि-परिषद की बैठक की जा रही है। उन्होंने कहा कि आगामी 3 जून को पचमढ़ी में जनजातीय राजा श्री भभूत सिंह की स्मृति में मंत्रि-परिषद की बैठक का आयोजन किया जाएगा।

## मंदिर स्थापना के 10 वर्ष, श्री धरणीधर पार्श्वनाथ भगवान जिनालय में ध्वजारोहण, पूजन, सैकड़ो समाजजन की सहभागिता



इंदौर । जिनवाणी के प्रति आदरभाव, समर्पण व एकाग्रचित्तता भाव पालन करके ही अपने जीवन में परिवर्तन लाय सकता है। हम अपने शरीर के लिए संसार की भौतिक सुविधाएं कितनी भी जुटा लें लेकिन एक दिन यह शरीर राख ही जाना है। संसाररूपी इस सागर से एक जिनवाणी (भक्ति) पर अमल करने वाला ही तिर सकता है ।

यह बात आज छोटा बांगड़दा स्थित हाईलिंक सिटी में आयोजित धर्म सभा में श्रावक श्राविकाओं को सम्बोधित करते हुए पूज्य विजय पीयूष भद्र सुरीश्वरजी महाराज साहब ने कही। आज महाराज श्री के सान्निध्य में कल्पतरू धाम स्थित श्री धरणीधर पार्श्वनाथ मंदिर के दसवें स्थापना वर्ष व ध्वजारोहण के अवसर पर विधिपूर्वक धार्मिक क्रियाएं संपन्न हुई, सुबह 7से 12 तक हुए इस आयोजन में सैकड़ो की संख्या में समाज जन पहुंचे। ध्वजा रोहण का मंदिर ट्रष्ट से जुड़े विजय मेहता ने किया।

## लालबाग पैलेस के जीर्णोद्धार एवं उद्यान पुनर्विकास के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया भूमिपूजन




इन्दौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को इंदौर के ऐतिहासिक स्थल लालबाग पैलेस पहुंचकर होलकर राजवंश के संस्थापक सूबेदार मल्हारराव होलकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने 47.59 करोड़ रूपये लागत से लालबाग पैलेस के जीर्णोद्धार एवं उद्यान पुनर्विकास कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने लालबाग पैलेस का भ्रमण भी किया, जहां उन्होंने महल की ऐतिहासिक संरचना और सौंदर्य का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण के प्रयास कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए बैठक कक्ष, क्राउन हॉल, बैंकेट हॉल, दरबार हॉल, किंग्स ऑफिस, मंत्रणा कक्ष, पश्चिमी बैठक कक्ष, भारतीय भोजन कक्ष पुरुष एवं महिला, बॉल रूम आदि की विशेषताओं की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान आर्किटेक्ट श्री पुनीत सोहल द्वारा लालबाग पैलेस परियोजना का प्रस्तुतिकरण दिया गया, जिसमें उन्होंने लालबाग पैलेस के जीर्णोद्धार एवं पुनर्विकास के लिए किए गए कार्य एवं आगामी कार्ययोजना से मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अवगत करवाया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस महत्वाकांक्षी कार्य के सफलतापूर्वक पूर्ण होने की कामना व्यक्त की।यह कार्य लालबाग के समृद्ध इतिहास और उसकी पुनः प्रतिष्ठा के लिए एक नई शुरुआत का प्रतीक है। उद्यान और होलकरों की विरासत को जीवित रखने, उद्यान को सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधि स्थल के रूप में विकसित करने एवं ऐतिहासिक अवधारणा पर आधारित रचना अनुसार पुनःविकसित करने के उद्देश्य से यह कार्य किया जाएगा। इसके लिए 47.59 करोड़ की स्वीकृति सिंहस्थ मद अंतर्गत प्राप्त हुई है। यह कार्य मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा किया जाएगा। कार्य की समयसीमा 24 माह अर्थात मई 2027 निर्धारित है। इसमें बाउंड्री वाल, पाथवे, पार्किंग, सॉफ्टस्केपिंग एवं सिंचाई, जनसुविधा, टिकिट काउंटर, उद्यान कैफे, मुक्ताकाश मंच, मंडप,रानी अहिल्या बाई आत्मरक्षा केंद्र (बालिकाओं के लिए), वनस्पति रक्षाग्रह, बाहरी विद्युतीकरण, सजावटी प्रकाश खंभे, बगीचे के लिए पाइप संगीत प्रणाली, सीसीटीवी आदि का कार्य किया जाएगा।

## 3 हजार 867 करोड़ रूपये की योजना और निर्माण कार्यों की स्वीकृति

### लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर प्रशिक्षण कार्यकम योजना की सैद्धांतिक स्वीकृति



इन्दौर। लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के 300 वें जयंती वर्ष पर उनके आदर्शों और मूल्यों को समर्पित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक इंदौर में राजवाड़ा के दरबार हॉल में हुई। मंत्रि-परिषद ने 3 हजार 867 करोड़ रूपये की योजना और निर्माण कार्यों की स्वीकृति दी। मंत्रि-परिषद ने प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर प्रशिक्षण कार्यकम योजना की सैद्धांतिक स्वीकृति दी। इसमें युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रम संचालित किए जायेगे। योजना में जरूरतमंद व्यक्ति बैंक ब्याज में एक हजार रुपए प्रतिवर्ष छूट के साथ पूरे जीवनकाल के लिए अधिकतम 10 हजार रूपये प्रति व्यक्ति ऋण के ब्याज पर छूट प्राप्त कर सकेगा। प्रतिवर्ष योजना पर लगभग 100 करोड़ रूपए का व्यय किया जायेगा।

मंत्रि-परिषद ने मध्यप्रदेश महानगर क्षेत्र नियोजन एवं विकास अधिनियम-2025 को स्वीकृत करने का निर्णय लिया हैं। अधिनियम-2025 लागू होने के बाद महानगर योजना समिति एवं महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण का गठन किया जा सकेगा। साथ ही प्रदेश में इंदौर-उज्जैन-देवास-धार एवं भोपाल-सीहोर-रायसेन-विदिशा-ब्यावरा (राजगढ़) के लिए महानगर योजना समिति एवं महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण का गठन राज्य सरकार द्वारा किया जा सकेगा।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# जलभराव की समस्या के निदान हेतु निगम द्वारा किया गया 1 करोड 70 लाख की लागत से नाले का निर्माण

## महाकाल थाना पुलिस की संयुक्त कार्यवाही, रोड पर रखें अवैध सामान को किया जप्त



**उज्जैन।** नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा वीर दुर्गा दास छत्री से जूना सोमवारिया बस्ती तक राशि रुपए लगभग एक करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से 308 मीटर लंबाई एवं 03 मीटर गहराई के नाले का निर्माण किया गया है उक्त नाले के बनने से बस्ती के साथ साथ केडी गेट, गौतम मार्ग होते हुए पत्ती बाजार क्षेत्र में जल भराव की समस्या का निराकरण होगा जिससे बारिश का पानी सीधा एरण के नाले से होते हुए वीर दुर्गादास छत्री के समीप बनाए गए नाले में मिलेगा।

नाला निर्माण अंतर्गत पीएचई विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर स्क्रीनिंग जालियां लगाई गई है जहां से नाले में बहकर आने वाले कचरे को अलग किया जाएगा और पीएचई के स्टॉप डेम से होते हुए उक्त नाले का पानी चक्रतीर्थ पर टाटा द्वारा बनाए गए बड़े चेंबर से होते हुए सीधा सुरासा स्थित निगम के वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट पहुंचेगा साथ ही उक्त नाले को क्षिप्रा में मिलने से रोकने के लिए वीर दुर्गादास छत्री के पास पीएचई विभाग का पंप हाउस भी बना हुआ है जिसमें उक्त नाले के पानी को ट्रीट करते हुए सदावल भेजा जाएगा इस प्रकार किसी भी स्थिति में उक्त नाले का पानी शिप्रा में नहीं मिलेगा। निर्माण कार्य झोनल अधिकारी श्री डीएस परिहार, एवं उपयंत्री श्री प्रवीण वाडिया के नियंत्रण में किया गया।

### रोड पर रखें अवैध सामान को किया जप्त

बुधवार को नगर निगम अतिक्रमण रिमूवल गैंग एवं महाकाल थाना पुलिस द्वारा महाकाल मंदिर क्षेत्र के आसपास दुकानों पर संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए दुकानों के बाहर तक रखे सामान को जप्त करने की कार्यवाही की गई।

निगम आयुक्त श्री आशीष पाठक द्वारा अतिक्रमण गैंग के समस्त गैंग प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि शहर में अवैध अतिक्रमण बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा विशेष कर महाकाल मंदिर क्षेत्र के आसपास अतिक्रमण हटाए जाने की कार्यवाही निरंतर की जाए महाकाल मंदिर क्षेत्र पर प्रतिदिन हजारों की तादाद में श्रद्धालु आते हैं साथ ही आवागमन भी अवरुद्ध होता है इसलिए महाकाल मंदिर क्षेत्र पर निरंतर रूप से अतिक्रमण हटाई जाने की कार्यवाही की जाए जिसके क्रम में बुधवार को महाकाल थाना प्रभारी श्री गगन बादल, गैंग प्रभारी श्री मनीष बाली द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए सख्ती से अतिक्रमण हटाया गया।

# महंगे वस्त्र, कीमती गाड़ी से नहीं, सादा जीवन उच्च विचारों से व्यक्ति महान बनता है- आचार्यश्री विशुध्दसागरजी



उज्जैन। जीवन को आदर्श बनाना है तो अपने विचार उच्च बना कर रखो। महंगे वस्त्र पहनने से या कीमती गाड़ी खरीदने से कोई महान नहीं बनता है, अपितू सादा जीवन उच्च विचारों से व्यक्ति महान बनता है। जीवन में प्रसिध्दि पाना है, तो सर्वप्रथम सिध्दि प्राप्त करो। सिध्दि प्राप्त होते ही प्रसिध्दि स्वयमेव ही हो जाती है। नाम की चाह मत करो, काम करो, तुम्हारा नाम स्वयमेव ही हो जाएगा। जो दिखावे का जीवन जीता है उसका शीघ्र ही दिवालिया निकल जाता है। काम कम दिखावा ज्यादा यह दिखावा दीर्घकाल तक नहीं चल सकता। जीवन ऐसा जीना, जो है सो है।

उक्त उद्गार दिगंबर जैन धर्मगुरू आचार्यश्री विशुध्दसागरजी गुरूदेव ने धर्मसभा में धर्मोपदेश देते हुए व्यक्त किये। धर्मसभा में आचार्यश्री के पाद प्रक्षालन अशोक शाह परिवार ने किया। इस दौरान अनिल बुखारिया, पीसी जैन, देवेंद्र सिंघई, देवेंद्र सिंघई, सुनील जैन ट्रांसपोर्ट, कमल मोदी, भरत पंड्या मौजूद रहे। प्रदीप झांझरी ने बताया कि 21 मई को लक्ष्मीनगर में प्रातः धर्मोपदेश सभा संपन्न के पश्चात आचार्यश्री ने मक्सी की ओर विहार किया। यहां से आचार्यश्री ससंघ भोपाल की ओर पग विहार करेंगे। विहार से पूर्व धर्मसभा में आचार्यश्री विशुध्दसागरजी ने कहा वस्तु तटस्थ है, हम जैसा प्रयोग करना चाहें वैसा कर सकते हैं। अग्नि पाचक है, अग्नि प्रकाशक है, अग्नि दाहक है। अग्नि एक है प्रयोग अनेक हैं। समय आपको मिला है आप उसका प्रयोग अपने अनुसार करते हो।

# फ्लैश मॉब से किया नारी आत्मरक्षा के लिए जागरूक



उज्जैन। महिला आत्मरक्षा के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से अभिनव प्रयास करते हुए नृत्याराधना के कलाकारों द्वारा पुलिस विभाग के सहयोग से फ्लैश मॉब किया गया, जिसमें 50 से अधिक बेटियों द्वारा नाटकीय मंचन एवं नृत्य के माध्यम से नारी पर हो रहे अत्याचार को रेखांकित कर नारी आत्मरक्षा हेतु जागरूक किया। संस्था अध्यक्ष डॉ खुशबू पांचाल ने बताया कि नृत्याराधना की नृत्य मंदिर संस्थान द्वारा हर उम्र, वर्ग की महिलाओं हेतु 15 दिवसीय निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन पुलिस लाइन स्थित सामुदायिक भवन में किया जा रहा है।

# पेंशनर्स एसोसिएशन ने किया पूर्व कैबिनेट मंत्री सुल्तान सिंह शेखावत का सम्मान



उज्जैन। रिटायर कर्मचारियों की वर्षों से लंबित मांगों को पूरी करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पूर्व कैबिनेट मंत्री सुल्तान सिंह शेखावत का पेंशनर्स एसोसिएशन के द्वारा सम्मान किया।

उज्जैन। रिटायर कर्मचारियों की वर्षों से लंबित मांगे थी जिनको लेकर कर्मचारी काफी समय से परेशान थे कुछ दिनों पूर्व पीएफ कार्यालय के बाहर धरना दिया गया था जिसमें कैबिनेट मंत्री सुल्तान सिंह शेखावत के द्वारा मांगे पूर्ण नहीं होने तक अनिश्चितकालीन धरने की कार्यवाही की गई थी तब जाकर कर्मचारियों की मांगे तत्काल पूर्ण की गई थी एवं कर्मचारियों के पीपीओ और डिमांड ड्राफ्ट जारी किए गए थे। इस उत्कृष्ट कार्य को लेकर सम्मान सुराना पैलेस होटल में रखा गया जिसमें बड़ी संख्या में पेंशनर्स एवं कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी सम्मिलित हुए। सतीश शर्मा, सीताराम परमार, अनिल मंडलोई, आर के झा, अब्दुल हफीज, आर एस नायर भारतेंदु मेहता के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मंच पर सुल्तानसिंह शेखावत, धनराज खत्री सीईओ उज्जैन दुग्ध संघ, डॉ ए के निगम भोपाल से (पूर्व सीईओ) वरिष्ठ अधिवक्ता शिवचरण शर्मा, एस आर परमार, मनोहर गिरी, मांगीलाल पाटीदार, शैलेंद्र सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी साथी उपस्थित रहे। यह जानकारी बीएमएस के जिला मीडिया प्रभारी गुलशन मंसूरी ने दी।

# संस्कार भारती उज्जैन महानगर का हुआ संस्कार मित्र सम्मेलन



उज्जैन। संस्कार भारती उज्जैन महानगर का ÷संस्कार मित्र सम्मेलन अभिरंग नाट्य गृह कालिदास अकादमी में हर्ष एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

संस्था के मीडिया प्रमुख जयंत तेलंग ने बताया कि इस गरिमामय आयोजन का शुभारंभ, दीप प्रज्वलन एवं ध्येय गीत के साथ हुआ। कार्यक्रम के सारस्वत अतिथि कालिदास अकादमी के निदेशक डॉ. गोविंद गंधे ने अपने उद्बोधन में कहा की 'संस्कार भारती के कार्यकर्ता को हमेशा कार्यकर्ता रहकर ही कार्य करना चाहिए, चाहे वह कितना भी पढ़ा लिखा हो एवं किसी भी उच्च पद पर कार्यरत हो, मैं स्वयं आज भी सर्वप्रथम संस्कार भारती का कार्यकर्ता हूं और जमीन से जुड़कर कार्य करता हूं, ऐसे कार्यकर्ताओं के कारण ही कोई संस्था उन्नति के उच्च शिखर तक पहुंचती है'। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्रीपाद जोशी अखिल भारतीय सह कोषाध्यक्ष संस्कार भारती ने संस्कार एवं संस्कृति का रक्षण करने हेतू संस्कार मित्रों को मार्गदर्शन दिया। संस्था की अध्यक्ष मालवी साहित्यकार माया बदेका ने भी उपस्थित सदस्यों को संबोधित किया।

कार्यक्रम में नृत्यांगना अनन्या गौड़ एवं साथी सानिका साठे, ईशानी भट्ट, वैदेही पंड्या, अक्षय परिहार इत्यादी ने देशभक्ति पर आधारित नृत्य रूपक 'अभयम' प्रस्तुत किया, तबले पर अभिषेक माथुर, गायक कुलदीप दुबे, पढंत दीक्षा प्रतीक सोनवलकर एवं पार्श्व में अनर्ग्य गौड थे। नाटिका का निर्देशन नृत्य गुरु प्रतिभा रघुवंशी एलची ने किया। रंगोली विधा की मनमोहक प्रस्तुति चंद्रिका गुर्जर, राधिका पांडे सुलभा खेड़कर एवं अनिल पांचाल ने दी।

सुरमई संगीत की प्रस्तुति अर्चना तिवारी आप्टे एवं उनके शिष्यों द्वारा दी गई साथ ही डॉ. रवि नागाईच एवं अनुज पांचाल ने देशभक्ति से ओतप्रोत अपनी रचनाओं का काव्य पाठ किया। लोकगीत की रंगारंग प्रस्तुति मालवी लोक गायक रामचंद्र गंगोलिया एवं उनके साथियों द्वारा दी गई। कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष माया बदेका, कार्यकारी अध्यक्ष रितेश पवार, महामंत्री दुर्गाशंकर सूर्यवंशी, कोषाध्यक्ष जयंत तेलंग, प्रांतीय पदाधिकारी संजय शर्मा एवं योगेंद्र पिपलोनिया, माधव तिवारी, सुंदरलाल मालवीय, प्रकाश देशमुख, रामचंद्र गंगोलिया, वरिष्ठ रंगकर्मी सतीश दवे, चित्रकार श्रीकृष्ण जोशी, अर्चना तिवारी, प्रतिभा रघुवंशी एलची, पल्लवी किशन, पद्मजा रघुवंशी, विनोद काबरा, दिलीप फड़के इत्यादि उपस्थित थे।

नगर की गायिका पूर्णता यार्दे एवं साथियों द्वारा वंदे मातरम की प्रस्तुति के साथ ही कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन दुर्गाशंकर सूर्यवंशी द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन जयंत तेलंग ने किया।

# भारतीय पर्वों की पहली पायदान है मेहंदी - श्रीमती शगुफ्ता कुरेशी



उज्जैन। भारतीय पर्वों की पहली पायदान होती है मेहंदी। ये उदगार जज़्बा निःशुल्क समर कैंप में मेहंदी लगाने की प्रक्रिया समझाते हुए शगुफ्ता फरीद कुरेशी ने कहे।

जामिया इस्लामिया हायर सेकंडरी स्कूल, सब्जी मंडी, छत्री चौक पर चल रहे समर कैंप में रुबीना कुरेशी ने कहा कि भारत एक उत्सव प्रधान देश है। सभी उत्सवों में मेहंदी को सर्व प्रथम स्थान दिया जाता है। शाहिदा नईम खान ने कहा कि मेहंदी लगाने से नारी का रूप सौंदर्य निखर जाता है। रुखसाना हारून नागौरी ने कहा कि मेहंदी लगाने की कला सीखकर महिलाएं आत्म निर्भर बन सकती हैं। आपने मेहंदी लगाने की बारीकियों का विस्तार से वर्णन किया। इस सत्र को राशेदा अंसारी, शाइस्ता शेख, शाहिना परवीन मैडम, सानिया मैडम आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर समर कैंप में शामिल छात्राओं की एक मेहंदी सजाने की प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में लगभग 75 बच्चियों ने भाग लिया।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com